
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 16.05.2022 से 21.05.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## विधायको की कार्यशाला

(दिनांक 16.05.22)




**विषय: विधायको की कार्यशाला।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पार्टी के सभी विधायकों के साथ हरियाणा भवन चंडीगढ़ में एक कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें हरियाणा सरकार द्वारा लागू किए गए ऑनलाइन सिस्टम और उनके माध्यम से दी जा रही योजनाओं की जानकारी विधायकों को दी गई।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लोकतंत्र में लोकप्रियता इस बात से तय होती है कि जनता को कितनी सुविधाओं का लाभ समय पर और घर के दरवाजे पर मिलता है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ–साथ पारदर्शिता लोकतंत्र में सुशासन सुनिष्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी के चलते हरियाणा सरकार ने विभिन्न विभागों में पारदर्शिता सुनिष्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं, खासकर आईटी के जरिए ऑनलाइन सिस्टम को मजबूत किया गया है। इसके जरिए भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और जवाबदेह सुशासन सुनिष्चित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हम सुशासन का संकल्प लेकर सरकार में आए थे, उसी संकल्प को पूरा करने के लिए दिन रात जुटे हैं। उन्होंने कहा कि शासन में देरी और भ्रष्टाचार को आईटी के माध्यम से खत्म किया जा सकता है। जिस भी सिस्टम में मानवीय हस्तक्षेप कम होगा उसमें काम तेजी से होगा, समयबद्ध होगा और भ्रष्टाचार की संभावना नहीं रहेगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अधिकतर सरकारी योजनाओं को ऑनलाइन शुरू करके देशभर में मिसाल कायम की है। केंद्र सरकार ने हरियाणा की कई योजनाओं को सराहा है और राष्ट्रपति ने डिजिटल अवार्ड दिया है। इसी तरह, ऑनलाइन ट्रांसफ़र और पीपीपी जैसी कई योजनाओं को देश के दूसरे राज्य भी लागू कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में ही करीब एक दर्जन नए पोर्टल लॉंच किए हैं जिससे आम

# साप्ताहिक सूचना पत्र

जनता को कई योजनाएँ ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन सिस्टम के बारे में जनता में जागरूकता बहुत जरूरी है।

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि पारदर्शी शासन समय की आवष्यकता है। जनता को तभी संतुश्टि मिलती है जब सिस्टम पारदर्शी हो, जनता के साथ अन्याय और भेदभाव ना हो। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि विभिन्न पोर्टल्स पर विधायक जैसे अपने अपने क्षेत्र के विकास कार्यों की मॉग दर्ज कर सकते हैं वैसे ही मंत्रियों के लिए यह सुविधा पूरे हरियाणा के लिए हो ताकि मंत्री हरियाणा के किसी भी हिस्से से संबंधित मांग को पोर्टल पर डाल सकें।

## शहीद निशान सिंह के परिवार से मुलाकात

(दिनांक 18.05.22)



**विषय: शहीद निशान सिंह के परिवार से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सिरसा जिला के गांव भावदीन में शहीद निशान सिंह के घर पहुंचकर उसके परिजनों को सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री जी ने शहीद के परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि शहीद निशान सिंह ने अपनी शहादत से प्रदेश व अपने गांव का नाम ऊंचा किया है। उन्होंने आतंकियों से मुठभेड़ में अपनी बहादुरी का परिचय दिया और वीरगति को प्राप्त हुए । ऐसे बहादुर जवानों की बदौलत आज हम अपने देश में पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। उन्होंने उनके परिजनों को कहा कि निशान सिंह के शहीद होने का दुख सभी को है, लेकिन उन्होंने जिस बहादुरी का परिचय देते हुए देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं, यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। प्रदेश सरकार हर तरह से शहीद निशान सिंह के परिवार के साथ है और हम शहीद की शहादत को नमन करते हैं। देश की रक्षा और सुरक्षा हम सब का दायित्व है।

इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने शहीद निशान सिंह के नाम पर गांव के राजकीय स्कूल का नाम रखने तथा परिवार के एक सदस्य को नियमानुसार सरकारी नौकरी देने की घोषणा भी की।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट में दिव्यांग बच्चों व बुजुर्गों से मुलाकात

(दिनांक 18.05.22)

**विषय: भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट में दिव्यांग बच्चों व बुजुर्गों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सिरसा में भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में चलाए जा रहे आश्रम में पहुंचकर बेसहारा बुजुर्गों व बच्चों से मुलाकात कर उनका हाल–चाल जाना। मुख्यमंत्री जी ने इस मौके पर भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट को 21 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त ट्रस्ट को वार्षिक तौर पर किसी योजना के तहत 11 लाख रुपये की मदद देने का प्रावधान किया जाएगा। इसके अलावा ट्रस्ट की ओर से अस्पताल के लिए जमीन की मांग पर उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही जगह की पहचान कर ट्रस्ट को दी जाएगी।



## जिला सिरसा की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

(दिनांक 18.05.22)



**विषय: जिला सिरसा की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज सिरसा पहुंचकर बुधवार को सीडीएलयू में सिरसा जिले की विभिन्न परियोजनाओं का उद्ड्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर सिरसा जिले को 368 करोड़ रुपये लागत की 38 परियोजनाओं की शुरुआत माननीय मुख्यमंत्री जी के हाथों हुई।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सिरसा में जल्द ही

# साप्ताहिक सूचना पत्र

मैडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू होगा। 988 करोड़ रुपये की लागत से सिरसा में मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। मैडिकल कॉलेज के निर्माण से जिला के लोगों को व आस–पास के क्षेत्रवासियों को इस मैडिकल कॉलेज का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने जानकारी दी की जिन किसानों ने अपना गेंहू नहीं बेचा था वह अगले दस दिन तक मंडी में गेहूं बेच सकेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जून या जुलाई में सीईटी की परीक्षा अयोजित की जाएगी। साथ ही नशे की रोकथाम को लेकर उन्होंने कहा की नशा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## गुरुग्राम मेट्रो क्नेक्टिविटी योजना

(दिनांक 18.05.22)



**विषय: गुरुग्राम मेट्रो क्नेक्टिविटी योजना।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज गुरुग्राम पहुंचकर गुरुग्राम के पालम विहार से लेकर दिल्ली के द्वारका सेक्टर–21 तक की मेट्रो कनेक्टिविटी परियोजना पर अधिकारीयों के साथ बैठक कर उनसे चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिल्ली के हिस्से में पड़ने वाली आखिरी डेढ किलोमीटर दूरी की मैट्रो लाईन को अंडर ग्राउंड करने के बारे में अध्ययन करने के निर्देश भी दिए और साथ ही कहा कि अधिकारी अध्ययन करके 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उसके बाद फाईनल विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पालम विहार से सेक्टर–21 द्वारका तक प्रस्तावित मैट्रो लाईन बिछने से पश्चिमी दिल्ली और गुरुग्राम वासियों को काफी लाभ होगा। इस रूट पर यात्रियों की संख्या काफी रहने की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

बैठक में बताया गया कि गुरुग्राम में मैट्रो नेटवर्क में 37 किलोमीटर लंबाई की लाईन जोड़ते हुए इसका विस्तार करने की योजना है। इसमें से हुडा सिटी सेंटर मैट्रो स्टेशन से ओल्ड गुरुग्राम होते हुए साईबर सिटी तक लगभग 28.5 किलोमीटर लंबाई की मैट्रो लाईन बिछाने की परियोजना भारत सरकार के विचाराधीन है, जोकि स्वीकृति के अंतिम चरण में है। इसके अलावा,

# साप्ताहिक सूचना पत्र

पालम विहार से दिल्ली के सेक्टर–21 तक लगभग 8.4 किलोमीटर लंबाई की लाईन बिछाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है जिस पर आज चर्चा की गई है। यह नई प्रस्तावित लाईन मंजूर होने के बाद गुरुग्राम का काफी हिस्सा मैट्रो कनेक्टिविटी से कवर हो जाएगा।

यह प्रस्तावित नया मैट्रो रूट डीएमआरसी की ब्लू लाईन से जुड़ेगा। इस पर कुल 7 स्टेशन होंगे। इनमें गुरुग्राम जिला की सीमा में 4 स्टेशन तथा दिल्ली क्षेत्र में 3 स्टेशन बनाए जाने प्रस्तावित हैं। इस परियोजना के निर्माण पर लगभग 2281 करोड रुपए की राशि खर्च होगी।

---

## मारुति के साथ ऐतिहासिक समझौता

**(दिनांक 19.05.22)**




**विषय: मारुति के साथ ऐतिहासिक समझौता।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी आज गुरुग्राम में मारुति के खरखोदा में लगने वाले प्लांट के लिए समझौते को हरी झंडी दिखाई।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा कभी कृषि का केंद्र होता था लेकिन कृषि के साथ–साथ राज्य उद्योग में आगे बढ़ा और आज हमारा हरियाणा वर्ल्ड वाइड इन्वेस्टर का फ्रेंडली डेस्टिनेशन बन गया है। मारुति सुजुकी के 40 साल के सफर को पूरा करने पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जापान और भारत के संबंध 70 साल पुराने हैं, वे कामना करते हैं कि ये संबंध प्रगाढ़ हों और हमेशा आगे बढ़ते रहें।

इसके साथ ही उन्होंने कहा की सोनीपत के

# साप्ताहिक सूचना पत्र




खरखौदा में स्थित इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) में स्थापित किए जाने वाले मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) और सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट के लिए भूमि के आवंटन को लेकर आयोजित समझौता हस्ताक्षर कार्यक्रम एक ऐतिहासिक घटना है। यह समझौता हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (HSIIDC) और मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल)/सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुआ। खरखौदा में क्रमश: 800 एकड़ और 100 एकड़ भूमि पर मारुति के नए प्लांट स्थापित किए जाने हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वे यह नहीं कहेंगे कि आज एक नया इतिहास बन गया है बल्कि यह कहेंगे कि 40 साल बाद इतिहास ने खुद को दोहराया है। उन्होंने कहा कि 40 साल पहले भी एक एमओयू हुआ था जिसने हरियाणा के विकास की तस्वीर और तकदीर को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई और आज एक ओर नया समझौता हुआ जिसमें 900 एकड़ जमीन हरियाणा राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (HSIIDC) के माध्यम से अधिकृत किया गया और इस जमीन को आज मारुति सुजुकी को हेंडओवर किया गया। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में 2400 करोड़ रुपए HSIIDC के माध्यम से हरियाणा को दिया गया है। हरियाणा के इतिहास में पहली बार इतना बड़ा ट्रांजेक्शन हुआ है। यह समझौता हरियाणा में विकास की नई पटकथा लिखेगा।

उन्होंने कहा कि प्लांट के स्थापित होने से 13 हजार लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। प्लांट के लिए 2400 करोड़ की जमीन ली गई है तथा 20 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का इन्वेस्टमेंट किया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मारुति के कारण गुरुग्राम विकसित हुआ। इनके कारण से गुरुग्राम के अंदर ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का इजाफा हुआ, कई कंपनियां यहां आई। अन्य इंडस्ट्री ने भी गुरुग्राम की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभाई।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन श्री आरसी भार्गव से निवेदन किया कि मारुति का कॉरपोरेट ऑफिस अभी तक दिल्ली में है, इसे भी हरियाणा शिफ्ट किया जाए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्रेस कॉन्फ्रेंस

(दिनांक 20.05.22)




**विषय: प्रेस कॉन्फ्रेंस।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज विभिन्न विशयों को लेकर हरियाणा भवन चंडीगढ में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुड गवर्नेंस के नाते सरकार लगातार कार्य कर रही है, इसके अंतर्गत बहुत सी सेवाएं ऑनलाइन दी जा रही हैं। उसी कड़ी में आज ई–फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल लॉन्च किया जा रहा है।अब किसान भी इस पोर्टल पर अपने फसली नुकसान का ब्यौरा दर्ज कर सकेंगे। कई बार विभाग के आंकलन का मिलान नहीं हो पाता था, इसके चलते सरकार ने किसानों को भी यह सुविधा देने का फैसला लिया है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेशभर में एक भवन में चलने वाले पहली से 12वीं तक के स्कूलों को मिलाकर एक किया जाएगा। इन स्कूलों का हेड भी एक ही बनाया जाएगा। इसके साथ–साथ अध्यापकों को भी जल्द रेशनलाइज किया जाएगा।

इसके आलावा आज एचएसवीपी की 5 विशिश्ट सेवाओं के भी ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया गया। जिसमें संपत्ति के पुनः आवंटन की प्रक्रिया सरलीकृत ,एचएसवीपी ऑन व्हील्स – वाहन के माध्यम से एचएसवीपी की सेवा का लाभ,कहीं से भी उपस्थिति दर्ज, शामिल है। जिसके तहत ईज ऑफ डुईंग बिजनेस को बेहतर बनाने के लिए एचएसवीपी ने एक सेवा शुरू की है जिसका उपयोग करके कोई भी कही से भी अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति को दर्ज कर सकता है जो कि निकटतम संपदा कार्यालय के लिए स्थानांतरण अनुमति का हिस्सा है। पहले इसके लिए उसी सम्पदा कार्यालय आना होता था जिसके दायरे में आवंटी की सम्पत्ति आती है। अब कार्यालय में आने की आवष्यकता नहीं रहेगी। इससे खरीदार और विक्रेता दोनों के लिए प्रक्रिया सुविधाजनक बन गई है ।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज हरियाणा विज्ञापन उप–नियम–2022 भी जारी कर दिए। जिसके संबंध में उन्होंने कहा कि हरियाणा विज्ञापन उपनियम 2022 शहरी स्थानीय निकायों द्वारा बनाए गए विज्ञापन नियमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निष्चित रूप से अधिक स्पष्टता प्रदान करेगा। प्रदेश की सभी 93 पालिकाओं के लिए एकल विज्ञापन पोर्टल बनाने जा रहे हैं। इसे एक महीने के भीतर लांच कर दिया जाएगा। इस पोर्टल पर निजी सम्पत्ति मालिक, विज्ञापन एजेंसी और सेल्फ विज्ञापन करने वालों को अपने स्थलों सहित पूरा विवरण देना होगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्राकृतिक खेती पर बैठक

(दिनांक 20.05.22)



**विषय: प्राकृतिक खेती पर बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी के सानिध्य में हरियाणा निवास चंडीगढ़ में प्राक्रतिक खेती पर आयोजित बैठक में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के राज्य सरकार के निर्णय से न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि देश व राज्य के लोगों के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा और साथ ही भूमि की उर्वरक शक्ति भी बढ़ेगी।

उन्होंने मृदा स्वास्थ्य जांच पर विशेश जोर देते हुए सत्यापित प्रयोगशालाओं के माध्यम से प्राकृतिक खेती के प्रमाणीकरण पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को ऐसी प्रयोगशालाओं को बढ़ाने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए, जो तर्कसंगत शुल्क पर इस तरह की मिट्टी की जांच करेंगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती की प्रामाणिकता बरकरार रहनी चाहिए और राज्य के नागरिकों को वास्तविक प्राकृतिक उत्पाद मिलने चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि एक समर्पित पोर्टल शुरू किया गया है, जिस पर केवल प्राकृतिक किसान पंजीकृत होंगे। उन्होंने कहा कि 50 ब्लॉक के तहत जो किसान अपना उत्पाद खुद बनाएंगे, उन्हें 35,000 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, बशर्ते पूर्व–आवष्यक शर्तों को पूरा किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती की प्रामाणिकता की निगरानी पर जोर दिया जाए ताकि वास्तविक उत्पाद बाजार में आ सकें। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक जिले में 25–25 युवा किसानों को तैनात करने के निर्देश दिए, जिन्हें प्राकृतिक खेती में प्रामाणिक प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे अन्य किसानों को संबंधित जिले में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर सकें। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि जैविक खेती से किसानों को ज्यादा लाभ नहीं हो रहा है, इसलिए सभी को प्राकृतिक खेती को अपनाना चाहिए और इसे बढ़ावा देने का फैसला हरियाणा सरकार ने लिया है। उन्होंने कहा कि गाय के गोबर से खेती होगी, इसमें किसी अन्य खाद का प्रयोग नहीं किया जाता है। गाय के गोबर से बैक्टीरिया पैदा होंगे और ये बैक्टीरिया प्राकृतिक खेती को शक्ति देंगे। इससे उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की लागत भी कम होगी। अन्य लाभों के साथ–साथ ऐसी कृशि पद्धतियों से पानी की भी बचत होगी। श्री आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि हमारा उद्देष्य प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण में तेजी लाना है। उन्होंने कहा कि इसके बाद प्रशिक्षित किसान इस मिशन में शामिल होने के लिए अन्य लोगों के लिए प्रशिक्षक के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में यह पता चला है कि युवा और महिलाएं प्राकृतिक खेती के प्रति काफी उत्साह दिखा रहे हैं।